स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 19.02.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ शिक्षित बेरोजगारों को चिन्हित करने हेतु एकीकृत आजीविका मिशन योजना के तहत् 19 फरवरी से जोनवार आयोजित शिविर का जोन 01 नेहरु नगर जोन कार्यालय में आयुक्त के0एल0 चौहान ने शिविर का शुभारम्भ करते हुए कहा कि शहर के शिक्षित एवं कौशल प्राप्त युवाओं को अपना स्वरोजगार चुनने का एक अच्छा अवसर निगम के सभी जोन कार्यालय में लगने वाले शिविर में मिलेगा। शिक्षित युवक अधिक से अधिक इस शिविर में उपस्थित होकर अपने रुचि के अनुसार रोजगार का चयन कर सकतें है।

आयुक्त शिविर स्थल में लगाये गये काउंटर का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिये उन्होने जोन–01 में प्रारम्भ लोक सेवा केन्द्र का भी अवलोकन किये और केन्द्र के काउंटर के सामने प्लेवर ब्लॉक लगाने के निर्देश जोन आयुक्त को दिये।

आयुक्त जोन 01 से लक्ष्मी मार्केट के मछली मार्केट का निरीक्षण करने पहुंचे मछली मार्केट को आधुनिक रुप देने तथा प्रसाधन केन्द्र निर्माण हेतु प्रस्तमाव तैयार करने के निर्देश अभियंता को दिये श्री चौहान भारत माता चौक, नेहरु नगर, पावर हाउस चौक, डबरापारा तिराहा में अवलोकन कर मॉडल सुलभ शौचालय बनाने हेतु भ्रमण में साथ चल रहे आर्किटेक्ट एन.के. साहू को स्थल का चिन्हांकन करवाया।

भ्रमण में आयुक्त के0एल0 चौहान के साथ संजय बागड़े, अन्य अभियंता सहित रामायण सिंह उपस्थित थे।

जनसम्पर्क विभाग